सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-289
13/06/2018

जदयू द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ़्तार में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 13 जून 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज हार्डिंग रोड स्थित हज भवन में जदयू द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ्तार में शरीक हुए। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को गुलदस्ता, टोपी एवं साफा भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। इफ्तार के बाद रोजे की नमाज अदा की गई, जिसमें दावत–ए–इफ्तार में शरीक मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन–चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम होने की दुआ मॉगी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति मो0 हारुन रशीद, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मद्य निषेध, उत्पाद, निबंधन एवं ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, सहकारिता मंत्री श्री राणा रणधीर सिंह, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, जदयू प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री नित्यानंद राय, राज्यसभा सांसद श्रीमती कहकशां परवीन, सांसद श्री महबूब अली कैसर, सुन्नी वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री इरशादुल्लाह, शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन श्री इरशाद अली आजाद, पूर्व मंत्री एवं विधान पार्षद श्री अशोक चौधरी, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री मुन्ना तिवारी, विधायक श्री सुदर्शन कुमार, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्री गुलाम रसूल बलियावी, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, विधान पार्षद श्री दिलीप चौधरी, पूर्व मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूदेव चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, रोजेदार एवं हज कमेटी से जुड़े लोग उपस्थित थे।

******